(vii) स० [illegible] का निवास-स्थान, नई दिल्ली :—

(क) पकड़ी गयी नकदी—2 358 रु० ।

(ख) 91,714 रु० मूल्य के जवाहरात पकड़े गये है ।

(ग) किताबें फाइलें आदि पकड़ी गयी हैं ।

(viii) श्री एज० एस० दुगल, मैनेजर नई दिल्ली — बही-खाते और दस्तावेज पकड़े गये ।

भारत को मिले विदेशी ऋणो पर विदेशी मुद्राओं के मूल्यो मे परिवर्तन का प्रभाव

2720 **श्री श्रीकृष्ण अग्रवाल :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या ब्रिटेन द्वारा साझा मंडी मे शामिल होने मे तथा विदेशी मुद्राओं के मूल्यो मे समय समय पर परिवर्तन होने से भारत को मिले अन्तर्राष्ट्रीय ऋणो के भुगताने मे अस्थिरता का आभास हो रहा है ,

(ख) यदि हां तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है , और

(ग) ऋणो के भुगतान मे स्थिरता लाने के लिये सरकार क्या उपाय कर रही है ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) (क) ब्रिटेन के यूरोपीय साझा बाजार में शामिल हो जाने के परिणामस्वरूप भारत द्वारा ऋण की वापसी अदायगी किये जाने के सम्बन्ध मे किसी प्रकार की अस्थिरता आने की सम्भावना नहीं है । मुख्य ऋणदाता देशो की मुद्रा मे परिवर्तन से भारत जैसे विकासशील देशो की ऋण सम्बन्धी समस्याओ पर केवल यह प्रभाव पड़ता है कि ऋणो के रुपया-मूल्य मे परिवर्तन हो जाता है ।

(ख) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा मे सुधार के समूचे प्रश्न पर अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा निधि मे "बीस के समूह (ग्रुप आफ ट्वन्टी)" द्वारा विचार किया जा रहा है तथा अन्य विकासशील देशो के साथ भारत इस दल के एक सदस्य के रूप मे इस बात की सुनिश्चित व्यवस्था करने का प्रयत्न कर रहा है कि मुद्रा मे सुधार के प्रस्तावो मे विकासशील देशो के जिसमे भारत भी शामिल है, हितो की रक्षा हो ।

(ग) भारत सरकार विभिन्न करारो की शर्तों के अनुसार, विदेशी ऋण—सम्बन्धी अपनी देनदारियो को नियमित रूप से चुका रहा है ।

Steps to provide employment to unemployed Pilots in the Country

2721 SHRI Y ESWARA REDDY : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state

(a) the total number of unemployed pilots in the country at present ;

(b) whether any steps have been taken to provide them with employment , and

(c) if so, the broad outlines thereof ?